कैपिटल ज़ोन

उवाच

बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि हत्यारोपित इनामी प्रदीप उर्फ लाला व गौरी उर्फ जगत फ्लैट में छिपा है। बिसरख कोतवाली प्रभारी मुनीष चौहान की टीम ने छापेमारी की।

सेंट्रल नोएडा डीसीपी हरीश चन्दर

इंजीनियरिंग के छात्रों ने बनाया रैपिड करेंसी सैनिटाइजिंग मशीन

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। करोना कोविड-19 तेजी से पूरे देश में फैल रहा है, भारतीय नोटों (मुद्रा) को संजीवनी देना अबतक एक बड़ी चुनौती है। मौजूदा सैनिटाइजिंग मशीनें इतनी कुशल नहीं, क्योंकि ये सभी यूवी कीटनाशक पर आधारित है जो एक पेपर को सैनिटाइजिंग करने में 200 सैकेंड का समय लेती है जो विशेष रूप से बैंक



मुद्रा संस्करण के मामले में बहुत धीमी प्रक्रिया है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के प्रो. महीप सिंह और उनकी टीम ने अपग्रेड रैपिड करेंसी सैनिटाइजिंग मशीन बनाई है, जिसका उद्देश्य मुद्रागिनती के साथ तेजी से मुद्रा का संस्करण करना है जिसकी स्वच्छता दर समय- 200 नोट प्रति मिनट है। इस मशीन की मुख्य विशेषताएं जिसमें सीटाइप यूवीलाइट से लैस, नोटों को साफ करने के लिए 5 माइक्रोन एरोसोल का उपयोग, पूरे चौबर में एक साथ फांगिग, प्रयोग करने में आसान, सैनिटाइजर की खपत प्रतिलीटर 10,000 नोट है, कुलबजन 4.5 किलो, स्वचालित रूप से नोट गिनती के साथ सैनिटाइजिंग शुरु करता है, 304 ग्रेड के स्टेनलेस स्टील से बना मजबूत डिजाइन। प्रो. महीप ने बताया कि इस मशीन को बनाने में 12,000 रुपए की लागत आई है। इस मशीन का उपयोग हम खुदरा दुकानों, मॉल और बैंको में इस्तेमाल किया जा सकता है।

यीडा में सिटी साइट विकसित करने का रास्ता साफ

हुडको से 4000 करोड़ का लोन पास

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। यीडा सिटी एरिया में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, एविएशन हब व ट्रांसपोर्ट हब (सिटी साइट) विकसित करने का रास्ता साफ हो गया है। हुडको ने यीडा को 4000 करोड़ रुपए लोन स्वीकृत कर दिया है। गुरुवार को यीडा व हुडको के बीच अनुबंध भी हो गया।

दरअसल, नोएडा एयरपोर्ट के आसपास सिटी साइट विकसित होना है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, एविएशन हब व ट्रांसपोर्ट हब बनाए जाएंगे। एमआरओ सेंटर भी इसी में होगा। इसके लिए यीडा ने हुडको से 4000 करोड़ रुपए के लोन के लिए आवेदन किया था, जिस पर हुडको ने सोमवार को सहमति दे दी थी। गुरुवार को हुडको व यीडा के बीच अनुबंध भी हो गया है। अब यीडा जब चाहे इस रकम को ले सकता है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सात प्रतिशत ब्याज पर हुडको ने लोन दे दिया है। दोनों के बीच गुरुवार को करार भी हो गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, एविएशन हब व ट्रांसपोर्ट हब विकसित करने का रास्ता साफ

उन्होंने बताया कि यमुना प्राधिकरण नोएडा एयरपोर्ट के आसपास तीन हब विकसित करने जा रहा है। इसकी अनुमति प्रदेश सरकार से मिल चुकी है। प्राधिकरण दो सेक्टरों सेक्टर-8 व 30 में इलेक्ट्रॉनिक सिटी बसाएगा। सेक्टर-31 में ट्रांसपोर्ट हब और सेक्टर सात में एविएशन हब विकसित करेगा। इसके लिए करीब 3200 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ेगी। कुल नौ गांवों की जमीन ली जाएगी। इस पर शीघ्र काम शुरू होगा।

जेवर एयरपोर्ट निर्माण शुरू होने में हो सकती है देरी

अनलॉक-3 में भी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अनुमति न मिलने की वजह से जेवर में प्रस्तावित नोएडा एयरपोर्ट को बनाने के लिए ज्यूरिख कंपनी से करार में और देरी हो सकती है, जिससे शिलान्यास और निर्माण भी और लेट हो जाएगा। 17 अगस्त तक निर्माण एजेंसी ज्यूरिख इंटरनेशनल और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड के बीच करार प्रस्तावित है, लेकिन हवाई सफर शुरू न होने से दिक्कत आ रही है। कंपनी के प्रतिनिधि भारत नहीं आ पा रहे। इससे पहले ये 2 जुलाई को होना था। 27 मई को इस परियोजना के संबंध में लखनऊ में प्रॉजेक्ट मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी (पीएमआईसी) की बैठक हुई, जिसमें 17 अगस्त तक की छूट दी गई है। परियोजना पर काम इस कंसेशन एग्रीमेंट के बाद ही आगे बढ़ेगा।

आम्रपाली प्रकरण में दो सहायक निलंबित, तीन को दिया आरोप पत्र

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। आम्रपाली बिल्डर से बकाया वसूली में लापरवाही के मामले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तीन सहायकों को आरोप पत्र दिए हैं। इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी सिफारिश की गई है। साथ ही इस मामले में दोषी दो प्रबंधकों को निलंबित करने के लिए शासन को संस्तुति भेजी है। संस्तुति में यह भी कहा गया है कि दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी कराई जाए।

आम्रपाली बिल्डर पर करीब 3600 करोड़ रुपए प्राधिकरण का बकाया है। बिल्डर का मामला सुप्रीम कोर्ट में गया तो प्राधिकरण का पैसा फंस गया। इसके बाद सरकार ने मामले की जांच कराई। जांच में 8 लोग दोषी पाए गए हैं। तत्कालीन एसीईओ को भी दोषी पाया गया है।

- **इस मामले में दोषी दो प्रबंधकों को निलंबित करने के लिए शासन को भेजी संस्तुति**
- **विभागीय जांच का जिम्मा महाप्रबंधक वित्त एचपी वर्मा को सौंपा**

लेकिन वह 2015 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इन पर कार्रवाई के लिए शासन फैसला लेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। दो सहायकों को निलंबित करने के बाद तीन सहायकों को आरोप पत्र दिए गए हैं। प्राधिकरण में कार्यरत दो कनिष्ठ सहायक एवं एक वैयक्तिक सहायक को लापरवाही एवं प्राधिकरण के हितों का ध्यान न रखने आदि के आरोप लगाए गए हैं। आरोप पत्र जारी करके उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इन सभी कर्म चारियों की जांच प्राधिकरण जीएम वित्त एचपीवर्मा करेंगे। वह जांच पूरी करके अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस मामले में प्राधिकरण के दो प्रबंधक भी दोषी हैं। लेकिन दोनों का यहां से तबादला हो गया है। वह उस समय बिल्डर्स विभाग का कार्य सम्पादित कर रहे थे। आम्रपाली मामले में दोनों प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया है। प्राधिकरण ने दोनों प्रबंधकों को निलंबित करने के लिए अपनी संस्तुति शासन को भेज दी है। साथ ही विभागीय जांच की भी सिफारिश की गई है।

सार संक्षेप

वांछित गैंगेस्टर आरोपी गिरफ्तार

हापुड़। बाबूगढ़ थाना पुलिस द्वारा जांच के दौरान गैंगस्टर में वांछित आरोपी को एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक हापुड़ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, वांछित आरोपियों की धरपकड़ हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर के नेतृत्व में थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा जांच के दौरान मारूफ पुत्र शरीफ निवासी ग्राम दोताई गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को हिरासत में लिया गया और उसकी गिरफ्त से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

अज्ञात वाहन ने महिला को मारी टक्कर, मौत

ग्रेटर नोएडा। बादलुपर थाना क्षेत्र स्थित पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसा में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रजनी पत्नी महेंद्र निवासी भूड़ गड़ी मसूरी जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई हैं। पुलिस के मुताबिक महिला एक्सप्रेस वे के समीप घांस काट रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। तेज रतार वाहन की टक्कर में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बादलपुर थाना प्रभारी ने बताया अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया हैं। जांच पड़ताल की जा रही हैं।

नन्हे-मुन्नों की बनी राखियां बांधेंगे कोरोना के अग्रिम पंक्ति योद्धा

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा के जूनियर विंग के नन्हे-मुन्नों ने कोरोना के अग्रिम पंक्ति योद्धाओं के लिए अपने हाथों से प्यारी-प्यारी राखियां तैयार की हैं। बच्चों की अभिलाषा है कि ये राखियां रक्षाबंधन पर कोरोना के खिलाफ लड़ी जा रही जंग में अग्रिम पंक्ति के हमारे योद्धाओं की कलाइयों पर सजें। उनकी इसी अभिलाषा को पूरा करने के लिए उनके द्वारा भेजी गई सैकड़ों राखियां गुरुवार को विद्यालय प्रधानाचार्या संध्या अवस्थी व मुख्याध्यापिका मंजू वर्मा ने भूतपूर्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री एवं वर्तमान में गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित लोकसभा सदस्य डॉ. महेश शर्मा को भेंट की। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा की प्रधानाचार्या संध्या अवस्थी ने कहा कि इस संकट के समय कोरोना के अग्रिम पंक्ति के समर्पित योद्धाओं डॉक्टर, नर्स एवं अन्य का योगदान सर्वोपरि है और ये राखियां उनकी निष्ठा और उनके समर्पण के प्रति बच्चों के प्रेम का प्रतीक हैं।

इनामी बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस के हाथ लगा हथियार, बदमाश फरार

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट स्थित हैबियट सोसायटी में 25-25 हजार के इनामी बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस के हाथ हथियार ही लगा। मौके से बदमाश भाग गए। पुलिस ने एक बंदूक और पिस्टल बरामद किया हैं। पुलिस के मुताबिक सोसायटी स्थित फ्लैट में इनामी बदमाशों के छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस जब तक फ्लैट में पहुंची बदमाश फरार हो चुके थे।

गौरतलब हैं, बीते दिनों जुआं खेलने के विवाद में आरोपित प्रदीप उर्फ लाला ने अपने साथियों संग मिलकर सर्फाबाद के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस मामले में एक आरोपित को पूर्व में गिरतार कर जेल भेज चुकी हैं। वांछित बदमाशों पर पुलिस ने 25 हजार इनाम की घोषणा की हैं।

सेंट्रल नोएडा डीसीपी हरीश चन्दर ने बताया बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि हत्यारोपित इनामी प्रदीप उर्फ लाला व गौरी उर्फ जगत फ्लैट में छिपा है। बिसरख कोतवाली प्रभारी मुनीष चौहान की टीम ने छापेमारी की। आरोपित उससे पहले ही फरार हो चुके थे। पुलिस ने मौके से बंदूक व पिस्टल बरामद की है। दोनों बिना लाइसेंसी है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि आनंद सैनी ने दोनों आरोपितों को शरण दी थी। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सेंट जोसेफ स्कूल के शिक्षक व स्टॉफ का हुआ कोरोना टेस्ट

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। सेन्ट जोसेफ स्कूल अल्फा-एक में प्रधानाचार्या फादर अल्विन पिंटो पिंटो ने पूरे विश्व को अपने चपेट में लेने वाली घातक बीमारी कोरोना से बचाव के लिए पहल करते हुए कोरोना चेक अप कैंप लगवाया, जिसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर दो डॉक्टर आए तथा उन्होंने स्कूल के सभी कर्मचारी एवं उपस्थित अध्यापकों को कोरोना टेस्ट किया, जिसमें सभी लोग कोरोना मुक्त पाए गए। इस पहल में जेवर क्षेत्र के तहसीलदार अखिलेश का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने ये कैंप लगवाने में भरपूर सहयोग किया। वहीं यहां आने वाली चिकित्सकों की टीम मुखिया डॉ. आशुतोष

थे। वहीं उनके साथी डॉ. प्रदीप प्रसाद, डॉ. दीन दयाल व डॉक्टर विद्योतमा पूरे समय तक उपस्थित रहे। कैंप के अंत में प्रधानाचार्य ने सीएमओ गौतमबुद्धनगर दीपक कोहली व स्कूल में आए हुए टीम के सबी चिकित्सकों को धन्यवाद देते हुए उन्हें विदा किया तथा कहा कि जागरुकता ही कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय है।

शिविर में 176 की जांच में एक संक्रमित मिला

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरूवार को ग्रेनो स्थित लोटस पार्क सोसायटी में कोविड-19 रैपिड टेस्ट शिविर लगाया। जिसमें 176 संदिग्ध की जांच में एक संक्रमित पाया गया हैं। शिविर में आरडब्लूए के पदाधिकारियों ने सहयोग दिया। फेडरेशन के अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र टाइगर, आरडब्लूए अध्यक्ष दुष्यंत त्यागी, महासचिव संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष बबलू नगर, सचिव अवधेश, प्रवीण यादव, दिनेश सिंह, कैलाश आदि लोग उपस्थित रहे।

आम्रपाली के खरीदारों में जगी घर पाने की उम्मीद, किया हवन-पूजन

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। आम्रपाली के घर खरीदारों ने गोल्फहोम्स किंग्सवुड साइट पर एक हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से आम्रपाली कोर्ट रीसिवर आर वैंकट रामानी, एनबीसीसी के डायरेक्टर आर.के. अग्रवाल और प्रोजेक्ट मैनेजर जैन और वीरेन्द्र कंस्ट्रक्शन के पदाधिकारी उपस्थित थे। सपनों के आशियाने को पाने के लिए सभी आम्रपाली के घर खरीदार पिछले 10 सालों से जद्दोजहद कर रहे थे और घर के किराए और ईएमआई की दोहरी मार में फसे हुए है। आज सभी घर खरीदारों ने पूजा अर्चना कर सभी विघ्न हरने के लिए भगवान से प्रार्थना की। आम्रपाली घर खरीदार रश्मि पाण्डेय ने बताया, जैसा कि आम्रपाली के ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पांच परियोजनाओं पर अगस्त-सितंबर से काम शुरू होने की उम्मीद है और जिसके लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं, और तीन परियोजनाओं में काम चालू भी गया है यह हम सभी आम्रपाली घर खरीदारों के लिए एक बहुत बड़ी राहत की खबर है जिससे आज हम खरीदारों के सपनो को पंख मिल गए है। आम्रपाली घर खरीदारों में टीके पाठक, योगेश कुमार त्यागी, आदित्य अवस्थी, रश्मि पाण्डेय, भास्कर भसीन, अरुण कुमार, दिलीप, एस. एम. श्रीवास्तव , डी.बी. सिंह आदि उपस्थित थे।

क्वारंटीन परिवार के घर लाखों की चोरी, दी तहरीर

हापुड़, 30 जुलाई (देशबन्धु)। अज्ञात चोरों ने क्वारंटीन परिवार के घर लाखों की चोरी कर वारदात को अंजाम दिया और बड़ी आसानी के साथ फरार हो गए लेकिन यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामला प्रकाश में आने के बाद पीड़ित द्वारा लाखों रुपए नकद के साथ साथ घर में रखी ज्वेलरी चोरी होने की तहरीर देकर पिलखुवा पुलिस को आवगत कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पिलखुवा कालेज गेट चौकी क्षेत्र के मोहल्ला भोलापुरी में अमर पाल सैनी का मकान हैं जो मुकीमपुर में गुलाब की खेती करते हैं, उनकी पत्नी व पुत्र में चार दिन पूर्व कोरोना संक्रमित की पुष्टि होने पर क्वारंटीन कर प्रशासन द्वारा गली को सील कर दिया गया था। पीड़ित के अनुसार बीती देर रात अज्ञात चोरो ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर घर में रखे दो लाख रूपए नकद तथा सोने चांदी के आभूषण व अन्य कीमती सामान चोरी कर बड़ी आसानी के साथ फरार हो गए। जानकारी मिलने बाद पीड़ित अमर पाल सिंह द्वारा पिलखुआ कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जहां पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। चोरी का मामला प्रकाश में आने के बाद मोहल्लेवासियों ने पिलखुआ पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस गली में एक के बाद एक तीन चोरियां हो चुकी है और चोर हर बार

- **सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**
- **मोहल्ले वासी पुलिस की कार्यशैली पर उठा रहे सवाल**

वारदात को अंजाम देकर बड़ी आसानी के साथ फरार हो जाता है जबकि पिलखुवा पुलिस द्वारा अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ जिसके कारण चोर बेफिक्र है और लोग भी भय के साये में रातें गुजारने पर मजबूर है। रात के समय पुलिस द्वारा गश्त न करने से चोरों के हौंसलो को उड़ान मिल रही है।

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित ठेके पर दूसरी बार हुई चोरी

तहसील धौलाना क्षेत्र के ग्राम सपनावत में स्थित सरकारी देशी शराब के ठेके में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। मामला प्रकाश में आने के बाद पीड़ित द्वारा तहरीर देकर 43 पेटी व 29 हजार रुपए नकद चोरी होने की घटना से धौलाना पुलिस को अवगत कराया गया। जहां पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

किसान बचाओ पदयात्रा के लिए किया जनसंपर्क

रबूपुरा, 30जुलाई (देशबन्धु)। प्राधिकरण की वादाखिलाफी के चलते किसान एक संघ के नेतृत्व में 5 अगस्त से शुरू होने वाली पदयात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने गांवों में जन संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। गुरूवार को क्षेत्र के गांव खेड़ा मौहम्दाबाद में जनसंपर्क के उपरान्त एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों को सम्बोधित करते हुए संगठन के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने कहा कि किसान जगाओ-किसान बचाओं जागरूकता अभियान की शुरूआत शीर्ष नेतृत्व द्वारा की गई है जिसके लिए 5 अगस्त से पदयात्रा शुरू की जाएगी तथा किसानों की समस्याओं के समाधान तक संगठन का संर्घष जारी रहेगा। इसके साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए अरविंद सिंह, मनवीर सिंह, राजकुमार, तीरथ सिंह, विजय, विनोद, पप्पू, नानक, सुधीर आदि को विभिन्न पदों पर नियुक्त कर संगठन की सदस्यता दिलाई गई। बैठक की अध्यक्षता मनवीर सिंह ने की तथा इस मौके पर जगदीश शर्मा, गवेन्द्र राजपूत, रामअवतार, नितिन आदि समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

रक्षाबंधन व ईद-उल-अजहा पर पुलिस चौकसी बढ़ी

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। आगामी त्योहार रक्षा बंधन और ईद-उल-अजहा को सकुशन संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दिया हैं। पुलिस थाने में दोनों समुदाय के लोगों को बुलाकर शांति समिति की बैठक कर रही हैं। पुलिस लोगों से अपील कर रही हैं, भाई चारा के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखे और शारीरिक दूरी का पालन करते हुए त्योहार मानाएं।

इस बार ईद का त्योहार एक अगस्त शनिवार को है, लोग ईद का त्योहार तीन दिन तक मनाते हैं। इसकी तैयारियां मुस्लिम समाज के लोग कई दिन से कर रहे हैं। वहीं, रक्षा बंधन का त्योहार तीन अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा।

हालांकि इस बार कोरोना संक्रमण के चलते एहतियात बरतते हुए त्योहार मनाया जाएगा। ग्रेनो डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया दोनों समुदाय के त्योहार सकुशन संपन्न कराने के लिए पुलिस सतर्क हैं। बैठक में लोगों से अपील की जा रही है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। शारीरिक दूरी का पालन करें। मिश्रित आबादी व बाजारों में एहतियातन पुलिस गश्त बढ़ा दी गई हैं। मॉल, बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जांच अभियान चलाया जा रहा हैं।

तेरह गांव में प्राधिकरण के जमीन खरीद को लेकर दलाल हुए सक्रिय

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई (देशबन्धु)। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास 13 गांवों की जमीन का क्रय करने का अधिसूचना जारी कर चुका है। प्राधिकरण आधिकारियों के संज्ञान में आया है कि कुछ दलाल जमीन खरीदने में किसानों को गुमराह कर रहे हैं और उन्हें झांसा दे रहे है कि उनकी जमीन सीधे प्राधिकरण को बिकवा देंगे इसके एवज में किसानों से कमीशन की मांग कर रहे है। प्राधिकरण ने ऐसे दलालों के खिलाफ शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने का निर्णय लिया है।

दलालों की शिकायत करने के लिए प्राधिकरण हेल्ड डेस्ट स्थापित किया गया है। जहां पर किसान सीधे फोन कर शिकायत कर सकते है, शिकायत मिलते ही संबंधित दलाल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण चार नए

- **दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्राधिकरण में स्थापित हुआ नियंत्रण कक्ष**
- **दलालों व प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मियों की संलप्तिता पाया गया तो जाएंगे जेल**

औद्योगिक सेक्टर विकसित कर रहा है। जिसमें इकोटेक-7, 8, 9 व 16 शामिल है। इन चारों सेक्टर के लिए 13 गांवों पौवारी, इमलियाका, अटाई मुरादपुर, लुक्सर, दादूपुर, लडपुरा, खानपुर, सिरसा, बैदपुरा, जॉन समाना, सुनपुरा, भोला रावलपुर व धूममानिकपुर का 630 हेक्टेयर जमीन खरीद रहा है। जिसमें प्राधिकरण करीब 40 प्रतिशत से अधिक भूमि का क्रय कर लिया है और आगे क्रय किया जा रहा है।

इन गांवों में जमीन खरीदने के लिए भू-लेख विभाग द्वारा लगाया जा रहा है। शिविरों में लगातार प्राधिकरण अधिकारियों को शिकायत मिल रही है कि गांव व क्षेत्र में अनेक दलाल व बिचौलिये किस्म के असामाजिक व अराजक तत्व सक्रिय होकर भोले-भाले किसानों को यह आश्वासन देते फिर रहें हैं कि भूमि के कुल मूल्य का 3 प्रतिशत उन्हें दलाली अथवा एजेण्ट की फीस के तौर पर दे दिया जाए तो वे तत्काल भूमि बिकवाकर प्राधिकरण से उनके खाते में प्रतिफल के रूप में भूमि का पूरा मूल्य जमा करवा देंगे। इनके बहकावे में आकर अनेक किसान ठगी का शिकार हो रहे है।

शिकायत मिलने पर प्राधिकरण सीईओ ने दलालों से किसानों को बचने के लिए एक नियंत्रण-कक्ष विशेष कार्याधिकारी (प्रशासन) सचिन कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आरम्भ कर दिया गया है, जिसका लैण्डलाइन फोन नं0 है-0120-2336013 इस फोन नं0 पर ऐसे किसान कार्यदिवस वाले दिन कार्यालय अवधि प्रात: 9.30 बजे से सायंकाल 6.00 बजे तक अपना पूरा परिचय बताते हुए कभी भी फोन कर सकते हैं, जिनसे कोई असामाजिक तत्व या दलाल धन उगाही के उद्देश्य से जमीन विकवाने के नाम पर धनराशि की मांग कर रहा है।

पीड़ित किसान ऐसे अराजक तत्व व तथाकथित दलाल एवं विचौलिया का पूरा विवरण फोन पर दर्ज करा देंगे, तो उनके द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आधार पर ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टास्क फोर्स पूरे तथ्यों की जांच करके दोषी व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही अगर प्राधिकरण के किसी अधिकारी व कर्मचारी की संलिप्ता पाई जाती है तो उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा और विभागीय करते हुए बर्खास्त भी किया जा सकता है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय, रबूपुरा
Mob.: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

विद्यालय प्रबन्ध समिति, संविलय विद्यायलय उस्मानपुर, दनकौर गौतमबुद्ध नगर
पत्रांक/मीमो/2020-21 दिनांक 30.07.2020
टेण्डर नोटिस (अल्पकालीन)
परिषदीय संविलय विद्यालय उस्मानपुर वि0क्षे0 दनकौर जनपद गौतमबुद्ध नगर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दो सेट यूनिफार्म वितरित किये जाने हेतु सीलबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते शासनादेश संख्या-423/68-5-2017-2004/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जून 2019 की शर्तो सहित Fibre Composition Polyester Cotton for Shirts & Suitings 67% +/-3 units सहित शुल्क रू.1000 में दिनांक 31.07.2020 से 06.08.2020 तक प्रातः 8:00 बजे से अपराहन 1:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 06.08.2020 को 12:00 बजे तक वाहक के माध्यम से विद्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा निविदा दिनांक 06.08.2020 को विद्यालय में गठित कय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
सचिव/प्रधानाध्यापक
विद्यालय प्रबन्ध समिति, संविलय विद्यालय उस्मानपुर, दनकौर, गौतमबुद्धनगर

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-गुलिस्तानपुर की प्रस्तावित आबादी को सैक्टर/ग्राम-साकीपुर में आवंटित भूखण्ड संख्या-184, पाकेट-ए1, क्षेत्रफल-490 वर्ग मीटर को आवंटी श्री खुशीराम पुत्र स्व0 श्री खचेडू निवासी ग्राम साकीपुर, जिला-गौतमबुद्ध नगर आवंटित किया गया था। आवंटी श्री खुशीराम पुत्र स्व0 श्री खचेडू निवासी ग्राम साकीपुर, जिला-गौतमबुद्ध नगर की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान के आधार पर श्री सिहराज सिह, श्री हंसराज सिह श्री श्यौराज सिह, श्री सुनील कुमार, श्री भोपाल सिह, श्रीमति सरला व श्रीमति आदेश पुत्रगण स्व0 श्री खुशीराम एवं, श्रीमति विनेश व श्री विपिन कुमार पत्नी/पुत्र स्व0 श्री बलराज निवासी ग्राम-साकीपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर द्वारा श्री सिहराज सिह, श्री हंसराज सिह श्री श्यौराज सिह, श्री सुनील कुमार, श्री भोपाल सिह पुत्रगण स्व0 श्री खुशीराम एवं, श्रीमति विनेश व श्री विपिन कुमार पत्नी/पुत्र स्व0 श्री बलराज निवासी ग्राम-साकीपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिसान श्री सिहराज सिह, श्री हंसराज सिह श्री श्यौराज सिह, श्री सुनील कुमार, श्री भोपाल सिह पुत्रगण स्व0 श्री खुशीराम एवं श्रीमति विनेश व श्री विपिन कुमार पत्नी/पुत्र स्व0 श्री बलराज निवासी ग्राम-साकीपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर का नाम आंवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण